

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय कैंप में सामाजिक कर्तव्यों के प्रति किया जागरूक

करनाल(मेहर सिंह)। राजकीय महिला महाविद्यालय, घरौंडा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय कैंप के छठवां दिन का आयोजन किया गया। इस आयोजन दिवस पर छात्राओं को गुरु नानक खालसा कॉलेज,करनाल से आए मुख्य अतिथि मुनीश कुमार सहायक प्रवक्ता अर्थशास्त्र ने सामाजिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया । इसके साथ ही मुनीश कुमार ने बताया कि छात्राओं को अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुशासन को अपनाना जरूरी है तथा साथ ही उन्होंनेअपने वक्तव्य में बताया कि हम जो भी कार्य कर रहे हैं उसके प्रति हमें अपनी समझ विकसित करनी चाहिए। स्वयं सेविकाओं ने घर घर जाकर जो युवा न तो शिक्षा में है और न ही किसी रोजगार में है उससे संबंधित सर्वेक्षण के कार्य को भी प्रतिदिन की तरह जारी रखा। इस अवसर पर इतिहास प्राध्यापक प्रोफेसर पवन कुमार उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव में बच्चों ने कार्यक्रमों की प्रस्तु

सर्वांगीण विकास के लिए किताबी ज्ञान के साथ अन्य गतिवि